Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 11 July 2024

Dainik Jagran
Page - 05

नियमित पाठ्यक्रमों में बढ़ेंगी 10 प्रतिशत सीटें, प्रवेश समिति की बैठक में मुहर

गोवि में इसी सत्र से लागू होगा सीट बढ़ोतरी का फैसला

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी। कई पाठ्यक्रमों में आवेदकों की अधिक संख्या को देखते हुए काउंसलिंग से पहले बुधवार को प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जो इसी सत्र (2024-25) से लागू होगा। सीट वृद्धि का निर्णय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं।

कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में समिति द्वारा आनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की गई। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन पाठ्यक्रमों में कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी। इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसिलिंग शुल्क

- आनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया को भी मिली मंजूरी
- कुलपति की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक

भी नहीं लिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें रिक्त रहेंगी, उनमें बाद में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में कुलसचिव प्रो.शांतनु रस्तोगी, नामांकन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, प्रो.कीर्ति पांडेय, प्रो.श्रीवर्धन पाठक, प्रो.अहमद नसीम, प्रो.राजेश कुमार सिंह, प्रो.रविशंकर सिंह, प्रो.एसएन शर्मा, प्रो.अनुभूति दुबे, प्रो.मंजू मिश्रा, प्रो.सतीश चन्द्र पांडेय, प्रो.विजय शंकर वर्मा, प्रो.विजय कुमार तथा प्रो.प्रत्युष दूबे आदि मौजूद रहे।

नए वीसीए कोर्सेज के लिए जल्द होंगे आवेदन
नाइलिट के समन्वय से इंजीनियरिंग विभाग में एमएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए आईओटी और बीसीए मशीन लर्निंग एंड डाटा साइंस को कार्य परिषद की मंजूरी के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नए सत्र में प्रवेश, पठन-पाठन से लेकर परीक्षा सभी में गुणवत्तापूर्ण सुधार के प्रयास किए जाएंगे।
> -प्रो.पूनम टंडन, कुलपति, गोवि

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

पीएम उषा से होने वाले 61 करोड़ के कार्यों को स्वीकृति

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों को स्वीकृति दे दी गई। इंजीनियरिंग विभाग और साइंस म्यूजियम की छत पर एक-एक मंजिल और बनाए जाने को स्वीकृति मिली। वहीं, दीक्षा भवन के सुंदरीकरण, संवाद भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई। इसके साथ ही अन्य विभागों में मरम्मत कार्य के तहत शिक्षण कक्ष में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, खिड़कियां, दरवाजे, फर्श, पंखा, प्रकाश, बेंच-डेस्क आदि ठीक कराने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। किन्हीं कारणों से जो कक्ष बंद पड़े हैं, उन्हें ठीक कराए जाने का निर्णय लिया गया।

कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के पास से पुराने खेल मैदान चारों तरफ आरसीसी सड़क (1.8 किमी) का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क अब तक साढ़े तीन मीटर चौड़ी है। इसका दोहरीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर हो जाएगी। बीच में छह फीट का डिवाइडर भी होगा। इस पर कुल 4.98 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सड़क के किनारे इंटरलाकिंग फुटपाथ भी बनाया जाएगा। फुटपाथ पर ही बैठने के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे। फुटपाथ के बगल में अंडर ग्राउंड केबल बिछाए जाएंगे। पूरे कैंपस में कुल 6.7 करोड़ की लागत से केबल बिछेगी। कुलपति प्रो.टंडन ने बताया कि प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में इस सत्र के लिए 10 प्रतिशत सीट वृद्धि का निर्णय लिया गया है।

विकास समिति की बैठक में भी पीएम उषा के मद से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों समेत अन्य कार्यों को स्वीकृति मिल गई।

बीएससी व बीबीए अंतिम सेमेस्टर के परिणाम जारी

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में कई विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा.कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएससी व बीबीए षष्टम सेमेस्टर, एमए शिक्षाशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिकी द्वितीय सेमेस्टर, पीजी रक्षा अध्ययन द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि द्वितीय समेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए, बीकाम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, बीएससी गृह विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल भी जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट से अंक पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। -विज्ञप्ति

Amar Ujala
Page - 06

नियमित पाठ्यक्रमों में बढ़ेंगी 10 फीसदी सीटें

सीट बढ़ोतरी का फैसला इसी सत्र से होगा लागू, बुधवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

डीडीयू के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में प्रवेश समिति की बैठक में कुलपति प्रो. पूनम टंडन व अन्य। फोटो - डीडीयू

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में इस सत्र से 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई जाएंगी। सत्र में प्रवेश, पठन पाठन और परीक्षा सभी में गुणवत्तापूर्ण सुधार के प्रयास किए जाएंगे।
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई जाएंगी। बुधवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह फैसला सत्र 2024-25 से ही लागू होगा। यह सीट वृद्धि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं।

मंगलवार को प्रवेश परीक्षा के समापन के बाद बुधवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें ऑनलाइन काउंसिलिंग और शोध पात्रता परीक्षा 2023 पर चर्चा हुई। परिणाम जारी होने के तुरंत बाद काउंसिलिंग की तिथि जारी कर दी जाएगी।

खाली सीटों पर दोबारा आवेदन का मौका : प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन पाठ्यक्रमों में कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी। माह के अंत में रेट का आयोजन होगा। परिणाम जारी होने के तुरंत बाद काउंसिलिंग की तिथि जारी कर दी जाएगी।

बता दें कि, प्रवेश परीक्षा के परिणाम जुलाई के तीसरे हफ्ते में आने हैं। चौथे सप्ताह में काउंसिलिंग शुरू होगी। माह के अंत में रेट का आयोजन होगा। परिणाम जारी होने के तुरंत बाद काउंसिलिंग की तिथि जारी कर दी जाएगी।

खाली सीटों पर दोबारा आवेदन का मौका : प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। चूंकि यहां कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसलिंग शुल्क भी नहीं ली जाएगी। समिति ने इस बात पर भी अपनी स्वीकृति दी कि प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। चूंकि यहां कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसलिंग शुल्क भी नहीं ली जाएगी। समिति ने इस बात पर भी अपनी स्वीकृति दी कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें खाली रहती हैं, उनमें बाद में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाएगा।

नए बीसीए कोर्सेज के लिए जल्द आवेदन : नाईलेट के समन्वय से इंजीनियरिंग विभाग में एमएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए आईओटी और बीसीए मशीन लर्निंग एंड डाटा साइंस को कार्यपरिषद की मंजूरी के बाद उनकी प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रो. श्रीवर्धन पाठक, प्रो. अहमद नसीम, प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. रविशंकर सिंह, प्रो. एसएन शर्मा, प्रो. अनुभूति दुबे, प्रो. मंजू मिश्रा सहित समिति और प्रवेश प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे।

बीएससी व बीबीए के परिणाम जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को कई विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह के अनुसार, बीएससी व बीबीए षष्टम सेमेस्टर, एमए शिक्षाशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिकी द्वितीय सेमेस्टर, पीजी रक्षा अध्ययन द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि द्वितीय समेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है।

बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, बीएससी गृह विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल भी जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट से अपना अंक पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

डीडीयू में पीएम उषा से होने वाले 61 करोड़ के कार्यों को मंजूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

बुधवार को विकास समिति की बैठक में दी गई स्वीकृति

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों को स्वीकृति दे दी गई।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएम उषा मद से इंजीनियरिंग विभाग और साइंस म्यूजियम (अब फार्मेसी ब्लॉक) की छत पर एक-एक मंजिल और बनाए जाने को स्वीकृति दे दी गई। दीक्षा भवन के सुंदरीकरण, संवाद भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल गई।

सभी विभागों में रिपेयरिंग कार्य कराए जाने को भी स्वीकृति मिली।

किन्हीं कारणों से जो कक्ष बंद पड़े हैं, उन्हें ठीक कराए जाने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय परिसर के मेन गेट के पास से पुराने खेल मैदान के चारों तरफ आरसीसी सड़क (1.8 किमी) का निर्माण किया जाएगा।

इस सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर हो की जाएगी। बीच में छह फीट का डिवाइडर भी होगा। इस पर कुल 4.98 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग फुटपाथ भी बनाया जाएगा। फुटपाथ पर ही बैठने के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे।

Hindustan
Page - 06

कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

सभी नियमित कोर्स में 10 प्रतिशत सीट वृद्धि

डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें विस्तारित कर दी गई हैं। कई पाठ्यक्रमों में आवेदकों की अधिक संख्या को देखते हुए काउंसलिंग से पहले यह अहम निर्णय लिया गया है। सीट वृद्धि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं।

बुधवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति ने ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान कर दी। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रो. श्रीवर्धन पाठक, प्रो. अहमद नसीम, प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. रविशंकर सिंह, प्रो. एसएन शर्मा, प्रो. अनुभूति दुबे, प्रो. मंजू मिश्रा, प्रो. सतीश चन्द्र पाण्डेय, प्रो. विजय शंकर वर्मा, प्रो. किसनु कुमार, प्रो. प्रत्युष दूबे आदि मौजूद रहे।

रिक्त सीटों पर दोबारा आवेदन का मौका: समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन पाठ्यक्रमों में कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसलिंग शुल्क भी नहीं ली जाएगी। समिति ने इस बात पर भी अपनी स्वीकृति दी कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें खाली रहती हैं, उनमें बाद में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाएगा।

नए बीसीए कोर्सेज के लिए जल्द आवेदन: नाइलेट के समन्वय से इंजीनियरिंग विभाग में एमएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए आईओटी और बीसीए मशीन लर्निंग एंड डाटा साइंस को कार्य परिषद की मंजूरी के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रवेश समिति की बैठक को संबोधित करतीं कुलपति प्रो पूनम टंडन।

आरसीसी होगी सड़क, दोहरीकरण भी होगा

विश्वविद्यालय परिसर के मेन गेट के पास से पुराने खेल मैदान चारों तरफ आरसीसी सड़क (1.8 किमी) का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क अब तक साढ़े तीन मीटर चौड़ी है। इसका दोहरीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर हो जाएगी। बीच में छह फीट का डिवाइडर भी होगा। इस पर कुल 4.98 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग फुटपाथ भी बनाया जाएगा। फुटपाथ पर ही बैठने के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे। पूरे कैंपस में कुल 6.7 करोड़ की लागत से केबल बिछेगी।

61 करोड़ के कार्यों को मिली स्वीकृति

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में बुधवार को विकास समिति की बैठक में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों को स्वीकृति दे दी गई। कई अन्य अहम निर्णय भी लिए गए हैं।

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में इस सत्र के लिए 10 प्रतिशत सीट वृद्धि का निर्णय लिया गया है। विकास समिति की बैठक में भी पीएम उषा के मद से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों समेत अन्य कार्यों को स्वीकृति मिल गई।
> - प्रो पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएम उषा मद से इंजीनियरिंग विभाग और साइंस म्यूजियम (अब फार्मेसी ब्लॉक) की छत पर एक-एक मंजिल और बनाए जाने को स्वीकृति दे दी गई। दीक्षा भवन के सुंदरीकरण, संवाद भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल गई। सभी विभागों में रिपेयरिंग कार्य कराए जाने को भी स्वीकृति मिली। इसके तहत क्लासरूम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, खिड़कियां, दरवाजे, फर्श, पंखा, प्रकाश, बेंच-डेस्क आदि ठीक कराने के लिए स्वीकृति दी गई। किन्हीं कारणों से जो कक्ष बंद पड़े हैं, उन्हें ठीक कराए जाने का निर्णय लिया गया।

Amar Ujala Select
Page - 05

डीडीयू : नियमित पाठ्यक्रमों में बढ़ेंगी 10 प्रतिशत सीटें

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई जाएंगी। बुधवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह फैसला सत्र 2024-25 से ही लागू होगा। यह सीट वृद्धि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं।

मंगलवार को प्रवेश परीक्षा के समापन के बाद बुधवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें ऑनलाइन काउंसिलिंग और शोध पात्रता परीक्षा 2023 पर चर्चा हुई। समिति ने ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर विचार के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी।

बता दें कि, प्रवेश परीक्षा के परिणाम जुलाई के तीसरे हफ्ते में आने हैं। चौथे सप्ताह में काउंसिलिंग शुरू होगी। माह के अंत में रेट का आयोजन होगा। परिणाम जारी होने के तुरंत बाद काउंसिलिंग की तिथि जारी कर दी जाएगी।

खाली सीटों पर दोबारा आवेदन का मौका : प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। चूंकि यहां कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसलिंग शुल्क भी नहीं ली जाएगी। समिति ने इस बात पर भी अपनी स्वीकृति दी कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें खाली रहती हैं, उनमें बाद में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाएगा।

नए बीसीए कोर्सेज के लिए जल्द आवेदन : नाईलेट के समन्वय से इंजीनियरिंग विभाग में एमएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए आईओटी और बीसीए मशीन लर्निंग एंड डाटा साइंस को कार्य परिषद की मंजूरी के बाद उनकी प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रो. श्रीवर्धन पाठक, प्रो. अहमद नसीम, प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. रविशंकर सिंह, प्रो. एसएन शर्मा, प्रो. अनुभूति दुबे, प्रो. मंजू मिश्रा सहित समिति और प्रवेश प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे।

सीट बढ़ोतरी का फैसला इसी सत्र से होगा लागू

प्रवेश समिति की बैठक में बोलतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन।

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में इस सत्र से 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई जाएंगी। सत्र में प्रवेश, पठन पाठन और परीक्षा सभी में गुणवत्तापूर्ण सुधार के प्रयास किए जाएंगे। - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

बीएससी व बीबीए अंतिम सेमेस्टर के परिणाम जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कई विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएससी व बीबीए षष्टम सेमेस्टर, एमए शिक्षाशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिकी द्वितीय सेमेस्टर, पीजी रक्षा अध्ययन द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि द्वितीय समेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, बीएससी गृह विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल भी जारी कर दिया गया है।

डीडीयू में पोस्टर, बैनर लगाया तो कार्रवाई

गोरखपुर। दीनदयालय उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नए सत्र के आगाज से ठीक पहले मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पाण्डेय ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि परिसर स्थित संकाय एवं विभागों के दीवारों तथा परिसर के बाउंड्रीवाल, नोटिस बोर्ड पर बैनर, पोस्टर एवं स्टीकर आदि चस्पा करना सख्त मना है। ऐसा करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सत्र शुरू होते ही बड़ी संख्या में पूर्व के वर्षों में पोस्टर, स्टीकर लगाए जाते रहे हैं। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

बीएससी व बीबीए अंतिम सेमेस्टर के परिणाम जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को कई विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह के अनुसार, बीएससी व बीबीए षष्टम सेमेस्टर, एमए शिक्षाशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिकी द्वितीय सेमेस्टर, पीजी रक्षा अध्ययन द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कृषि द्वितीय समेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, बीएससी गृह विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल भी जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट से अपना अंक पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

Inext Page - 04

डीडीयू में 61 करोड़ के कार्ययोजना को मिली मंजूरी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 July): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों को स्वीकृति दे दी गई. इंजीनियरिंग विभाग और साइंस म्यूजियम की छत पर एक-एक मंजिल और बनाए जाने को स्वीकृति मिली. वहीं, दीक्षा भवन के सुंदरीकरण, संवाद भवन के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई. इसके साथ ही अन्य विभागों में मरम्मत कार्य के तहत शिक्षण कक्ष में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, खिड़कियां, दरवाजे, फर्श, पंखा, प्रकाश, बेंच-डेस्क आदि ठीक कराने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई. किन्हीं कारणों से जो कक्ष बंद पड़े हैं, उन्हें ठीक कराए जाने का निर्णय लिया गया.



सड़क का निर्माण

कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के पास से पुराने खेल मैदान चारों तरफ आरसीसी सड़क (1.8 किमी) का निर्माण किया जाएगा. यह सड़क अब तक साढ़े तीन मीटर चौड़ी है. इसका दोहरीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर हो जाएगी. बीच में छह फीट का डिवाइडर भी होगा. इस पर कुल 4.98 करोड़ रुपये की लागत आएगी. सड़क के किनारे इंटरलाकिंग फुटपाथ भी बनाया जाएगा. फुटपाथ पर ही बैठने के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे. फुटपाथ के बगल में अंडर ग्राउंड केबल बिछाए जाएंगे. पूरे कैंपस में कुल 6.7 करोड़ की लागत से केबल बिछेगी.

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. नियमित पाठ्यक्रमों में इस सत्र के लिए 10 प्रतिशत सीट वृद्धि का निर्णय लिया गया है. विकास समिति की बैठक में भी पीएम उषा के मद से होने वाले 61 करोड़ रुपये के कार्यों समेत अन्य कार्यों को स्वीकृति मिल गई.
> प्रो. पूनम टंडन, वीसी, डीडीयू

नियमित पाठ्यक्रमों में बढ़ेंगी 10 प्रतिशत सीटें, बैठक में लगी मुहर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 July): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी. कई पाठ्यक्रमों में आवेदकों की अधिक संख्या को देखते हुए काउंसिलिंग से पहले बुधवार को प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया. जो इसी सत्र (2024-25) से लागू होगा. सीट वृद्धि का निर्णय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं.

सीधे होगा प्रवेश

वीसी प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में समिति द्वारा आनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की गई. समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं, उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी. उन पाठ्यक्रमों में कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी. इसलिए इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों से कोई काउंसिलिंग शुल्क भी नहीं लिया जाएगा. प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें रिक्त रहेंगी, उनमें बाद में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाएगा. बैठक में कुलसचिव प्रो.शांतनु रस्तोगी, नामांकन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, प्रो.कीर्ति पांडेय, प्रो.श्रीवर्धन पाठक, प्रो.मंजू मिश्रा, आदि मौजूद रहे.नाइलिट के समन्वय से इंजीनियरिंग विभाग में एमएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए आईओटी और बीसीए मशीन लर्निंग एंड डाटा साइंस को कार्य परिषद की मंजूरी के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

> प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. नए सत्र में प्रवेश, पठन-पाठन से लेकर परीक्षा सभी में गुणवत्तापूर्ण सुधार के प्रयास किए जाएंगे.
> -प्रो.पूनम टंडन, वीसी, डीडीयू

Rashtriya Sahara Page - 06

यूजी-पीजी के कोर्सेज में दस फीसद सीट वृद्धि

प्रवेश समिति के साथ बैठक करती कुलपति प्रो. पूनम टंडन। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि की प्रवेश समिति ने बुधवार को नये सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं परास्नातक स्तर के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत सीट वृद्धि का निर्णय लिया है।वह सीट वृद्धि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उन सभी पाठ्यक्रमों में लागू नहीं होगी जो तकनीकी या अन्य किसी नियामक संस्था के निर्देशों से संचालित होते हैं।

कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न प्रवेश समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जिसमें ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर व्यापक चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। प्रवेश समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जिन विषयों में सीट से कम आवेदन आए हैं उनमें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। चूंकि यहां कोई काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित नहीं होगी अतः इन कोर्सेज में अभ्यर्थियों से कोई काउंसलिंग शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। **रिक्त सीटों वाले पाठ्यक्रमों में पुनः कर सकेंगे आवेदन :** समिति ने सैद्धांतिक रूप से इस बात पर भी अपनी स्वीकृति दी कि प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जिन कोर्सेज में सीटें रिक्त रहती हैं उनमें बाद में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा सकेंगे। साथ ही नाईलेट के समन्वय से प्रस्तावित एमएस तथा बीसीए (स्पेशलाइज्ड) जैसे नए कोर्सेज को कार्यपरिषद की मंजूरी मिलने के बाद उनकी प्रवेश प्रक्रिया भी शीघ्र आरंभ कर दी जाएगी। प्रो. पूनम टंडन कुलपति गोविवि. ने कहा कि प्रवेश समिति ने विद्यार्थियों के व्यापक हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। नए सत्र में प्रवेश, पठन पाठन और परीक्षा सभी में गुणवत्तापूर्ण सुधार के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रो श्रीवर्धन पाठक, प्रो.अहमद नसीम, प्रो.राजेश कुमार सिंह, प्रो. रविशंकर सिंह, प्रो. एस एन शर्मा,